समाचार जगत
Date: 01/09/2017 Page No - 05

समाचार जगत 01/09/2017
page 5



मोटिवेशनल स्पीकर पी.एम. भारद्वाज ने 'एंटरप्रिन्योर स्किल्स' पर छात्रों को किया सम्बोधित

# छात्रों को दिए सफल उद्यमी बनने के मूल मंत्र




**जयपुर (कासं)।** द इक्फाई यूनिवर्सिटी जयपुर में गुरुवार को 'एंटरप्रिन्योर स्किल्स' विषय पर विस्तृत व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें देश के जाने माने मोटिवेशनल एवं मैनेजमेंट गुरु पी.एम भारद्वाज ने छात्रों को सम्बोधित किया और विषय के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए सरकार की ओर से शुरू की हुई विभिन्न योजनाओं का फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने सफल उद्यमी बनने के मूल मन्त्र दिए और कहा कि इंसान पूरी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ योजनाबद्ध तरीके से काम करे तो सफलता निश्चित है। विश्वविद्यालय के प्रेजिडेंट पी.बी.एल. चौरसिया ने छात्रों को विषय के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें नौकरी करने के बजाए उद्यमी बनना चाहिए। भारत में सब तरह के संसाधन उपलब्ध है और उनका उचित प्रयोग करते हुए रोजगार के नए अवसर लोगों को देने चाहिए, जिससे कि भारत भी अन्य विदेशी देशों जैसे जापान, यूएसए की तरह प्रगति कर सके।

Daily News
Page No - 12 Date - 29/04/2017

# रंगारंग फेयरवेल पार्टी

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। इक्फाई टेक स्कूल, द इक्फाई यूनिवर्सिटी जयपुर में इंजीनियरिंग के सीनियर छात्रों के लिए जूनियर छात्रों द्वारा फेयरवेल पार्टी का रंगारंग आयोजन किया गया। इस मौके पर सीनियर छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेसिडेंट डॉ.पीबीएल चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वर्तमान छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों के लिए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सीनियर छात्रों के लिए आयोजित डांस एवं गायन का सभी ने जमकर मजा लिया। इन कार्यक्रमों के अलावा सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स भी कराए गए।









## आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी में सौर ऊर्जा पर कार्यशाला

जयपुर। आगरा रोड पर जामडोली स्थित दी आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी में [illegible] को सौर ऊर्जा पर तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। 29 अप्रैल तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पी.जी.एल. चौरसिया ने किया। कार्यशाला का आयोजन आईसीएफएआई स्कूल एवं एडविट फाउंडेशन कर रहे हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष [illegible] चन्द्रशेखरन एवं प्रो. ए.के. सैनी ने सौर ऊर्जा उपयोग के तरीकों एवं उपकरणों के बारे में बताया। संयोजक प्रो. राना मुखर्जी एवं डॉ. विशाल माथुर ने बताया कि कार्यशाला में छात्रों को सौर ऊर्जा के बारे में जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. जी. डी. राठौड़ ने आगन्तुकों का स्वागत किया।

Daily New
Date: 28/04/2017 Page No - 12

# सौर ऊर्जा पर तीन दिवसीय वर्कशॉप शुरू

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर

जयपुर। आगरा रोड पर जामडोली स्थित दी इफ्फाई यूनिवर्सिटी में सौर ऊर्जा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रेसिडेंट डॉ. पीबीएल चौरसिया ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का संचालन इक्फाई टेक स्कूल एंड एर्डविट फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है। एर्डविट फाउंडेशन के प्रेसिडेंट चंद्रशेखरन और इक्फाई स्कूल के डीन एके सैनी ने भारत में सौर ऊर्जा की महत्ता एवं इसके उपयोग के विभिन्न तरीकों एवं उपकरण के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के संयोजक प्रो. राना मुखर्जी एवं डॉ. विशाल माथुर ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में सौर ऊर्जा के प्रायोगिक कार्यों के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों एवं बाहर से आए हुए अतिथियों को बताया जाएगा। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. जीडी राठौड़ ने सभी का स्वागत किया।

पंजाब केसरी Date: 01/3/17

# क्विज का आयोजन

जयपुर,(कासं): जामडोली स्थित द इक्फाई यूनिवर्सिटी में नेशनल साइंस-डे के अवसर पर मंगलवार को साइंस सिम्पोजिया-17 आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों व यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इसमें साइंस क्विज व पेपर प्रजेंटेशन सहित विभिन्न कॉम्पिटिशंस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ.पी.बी. एल. चौरासिया एवं विशिष्ट अतिथि एडवाइजर एस.एस.जैन थे। इस अवसर पर डॉ.चौरसिया ने स्टूडेंट्स को जीवन में विज्ञान की महत्ता बताई।

# मंचन 3 को

जयपुर,(कासं): नेशनल डिफेन्स डे पर 3 मार्च को शाम 6.30 बजे रवीन्द्र मंच के ओपन एयर थिएटर में कलामंच संस्था की ओर से नाटक सैल्युट कमाण्डो का मंचन होगा। कलावत के.एल.लिखित व निर्देशित इस नाटक में दर्शाया जाएगा कि कठिन परिस्थितियों में प्रशिक्षण लेने के बाद कमांडो को किन समस्याओं से जूझना पड़ता है।

जवानों को समर्पित यह नाटक 50 दिन की वर्कशॉप में तैयार किया गया है। इस नाटक का मकसद युवाओं में देश के प्रति समर्पण की भावना जाग्रत करना है।

Date/ 01/03/17



डेली न्यूज
Date: 01/03/2017

# जाना साइंस डे का महत्व

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर। इक्फाई यूनिवर्सिटी में नेशनल साइंस डे के मौके पर 'साइंस सिम्पोजिया-17' कार्यक्रम हुआ। इसमें विभिन्न कॉलेजों व यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस दौरान साइंस क्विज व पेपर प्रजेंटेशन समेत विभिन्न कॉम्पिटिशंस का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. पीबीएल चौरसिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

समाचार जगत
Date: 01/03/2017

# साइंस के विभिन्न आयामों पर विस्तार से मंथन

द इक्फाई यूनिवर्सिटी, जामडोली में नेशनल साइंस डे के अवसर पर मंगलवार को साइंस सिम्पोजियम-17 में साइंस क्विज व पेपर प्रजेंटेशन समेत विभिन्न कॉम्पिटिशंस का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. पीबीएल चौरसिया ने अध्यक्षता की। एडवाइजर एसएस जैन गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डॉ. चौरसिया ने जीवन में विज्ञान की महत्ता बताई।

समाचार जगत

दैनिक भास्कर

Date-01/03/2017 पेज नं० 20

# साइंस डे पर हुआ क्विज कॉम्पीटिशन



**सिटी रिपोर्टर** • द इक्फाई यूनिवर्सिटी में नेशनल साइंस डे के अवसर पर मंगलवार को 'साइंस सिम्पोजिया-17' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइंस क्विज व पेपर प्रजेंटेशन जैसे कॉम्पीटिशन भी कराए गए, जिनमें विभिन्न कॉलेजों व यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ.पी.बी.एल. चौरासिया ने स्टूडेंट्स को जीवन में विज्ञान की महत्ता बताई एवं नोबेल पुरस्कार के इतिहास के बारे में जानकारी दी। गेस्ट ऑफ ऑनर एस.एस. जैन ने विज्ञान के लाभ व नुकसान, दोनों पहलुओं के बारे में चर्चा की।

दैनिक नवज्योति Date: 01/03/2017

# विज्ञान दिवस पर लगी प्रदर्शनी, हुई प्रतियोगिताएं

नवज्योति, जयपुर

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान की ओर से क्षेत्रीय




विज्ञान केन्द्र एवं साइंस पार्क, शास्त्री नगर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से सात दिवसीय विज्ञान सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन विभाग की निदेशक निवेदिता महरु ने किया। क्यूरेटर कैलाश मिश्रा ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। पहला दिन तोड़-जोड़-जोड़, विज्ञान वार्ता, क्विज [illegible] एवं अन्य गतिविधियां हुई।

## विज्ञान से हुई [illegible] में वृद्धि

जगन्नाथ विश्वविद्यालय में अभियांत्रिकी एवं कृषि संकाय के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर के निदेशक डॉ. गोपाल लाल ने कहा कि आज के समय में कृषि के विभिन्न जिन्सों के उत्पादन में जो आशातीत वृद्धि हुई है, उसमें विज्ञान का अहम् योगदान रहा है। इस मौके पर छात्रों ने विज्ञान के मॉडल पोस्टर और निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## विज्ञान विकास का परिचायक: शर्मा


एस. एस. जैन सुबोध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामबाग सर्किल में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक डॉ. सुमित शर्मा ने कहा कि विज्ञान जहां विकास का द्योतक होता है तो दूसरी ओर विनाश का कारक तत्व भी है। डॉ. बी. बी. अरोड़ा ने विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. अरुण चौगुले ने कैन्सर सहित अन्य जानलेवा बीमारियों पर विशिष्ट जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर डॉ. प्रमिला जोशी, डॉ. आनन्द जिंदल, डॉ. शैलेश जैन, आरसी जैन ने विचार व्यक्त किए।

## साइंस के विभिन्न प्रभावों पर विस्तार से कथन

एसकेआईटी यूनिवर्सिटी, जगतपुरा में नेशनल साइंस डे के अवसर पर मंगलवार को साइंस सिम्पोजियम-17 में साइंस क्विज व पेपर प्रजेंटेशन समेत विभिन्न कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. पीबीएल चौरसिया ने अध्यक्षता की। एडवाइजर एसएस जैन गेस्ट ऑफ ऑनर थे। डॉ. चौरसिया ने जीवन में विज्ञान की महत्ता बताई। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. जीडी राठौड़ ने स्वागत किया।


## दिव्यांगों के साथ मनाया विज्ञान दिवस

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ साइंस में मंगलवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। समारोह का आयोजन दिव्यांगों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विस्तार पर केंद्रित था। अध्यक्षता जयपुर फुट के सीईओ एसएस बिस्सा ने की। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने दिव्यांग विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी, चलचित्र प्रदर्शन, रोबोटिक्स एवं एरोमोडलिंग सहित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डीपी मिश्रा और रजिस्ट्रार एसएल अग्रवाल ने भी मार्गदर्शन किया।



Daily News
डेली न्यूज
Date: 22/06/2017 Page No-12

# स्टूडेंट्स ने दिखाया जोश और उत्साह



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स के लिए योग कार्यक्रम रखा। इस दौरान प्रेसिडेंट डॉक्टर पीबीएल चौरासिया ने कहा कि योग आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण आयाम है, जिससे कि बच्चे अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकते हैं, साथी जो भी वह पढ़ाई कर रहे हैं, उसमें वह बेहतर मुकाम पा सकते हैं। उन्होंने योग गुरु और ह्यूमन माइंड ट्रेन आरपी सिंह को योग के महत्व और प्रैक्टिकल प्रयोग के लिए आमंत्रित किया। आरपी सिंह ने बताया कि योग का मतलब जुड़ना है जो आज से नहीं सदियों से ही हमारी संस्कृति है और किसी भी युवा का विकास तभी संभव है, जब वह अपनी संस्कृति से जुडे योग हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जो कि सदियों से भारत में प्रयोग की जा रही है।

समाचार जगत
Date: 25/02/2017


**News in media on Nation Building Conclave on 'Industry-Institution Interfacing" held at Uniara Hotel, Jaipur on 25th Feb 2017**

**(Different news-papers cuttings )**

### इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशन इंटरफेशिंग फार नेशन बिल्डिंग विषयक पर

# राष्ट्रस्तरीय कॉन्क्लेव आयोजित

जयपुर। प्रदेश के उद्योगों व निर्यातकों के अग्रणी संगठन दी एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (ईएआर) एवं भारद्वाज फाउंडेशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'इंडस्ट्री इंस्टीट्यूशन इंटरफेशिंग फार नेशन बिल्डिंग' के विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रस्तरीय कॉन्क्लेव सेमिनार जयपुर में आयोजित की गई। [illegible]



[illegible]

सीमा संदेश

समाचार जगत

# उच्च तकनीक का लाभ इण्डस्ट्री के आर एण्ड डी में लेना चाहिए : एन के जैन

## 'इण्डस्ट्री इंस्टीट्यूशन इंटरफेशिंग फॉर नेशन बिल्डिंग' विषय पर जयपुर में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रस्तरीय कॉनक्लेव

जयपुर। दी एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन.के.जैन ने एसोसिएशन की गतिविधियों की चर्चा करते हुए कहा कि हमें विभिन्न विश्व विद्यालयों की उच्च कोटि के टेक्नीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ अपनी इण्डस्ट्री के रिसर्च व डवलपमेंट, प्रोडक्ट डिजाइनिंग और इन्नोवेशन में लेना चाहिए। जैन शनिवार को जयपुर में एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन और भारद्वाज फाउण्डेशन जयपुर द्वारा 'इण्डस्ट्री इंस्टीट्यूशन इंटरफेशिंग फॉर नेशन बिल्डिंग' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय कॉनक्लेव को सम्बोधित कर रहे थे।



समारोह में एसोसिएशन के सचिव एस.के. पाटनी ने स्टेण्ड अप इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान के आह्वान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नौजवान को आगे आना चाहिए ताकि वे नई तकनीकों व ज्ञान का उपयोग कर स्वावलम्बी बने।

इन्होंने कहा कि युवाओं को जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बनना चाहिए ताकि बेरोजगारी की समस्या पर काबू पाया जा सके। समारोह में इंस्टीशन और इण्डस्ट्री के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए भारद्वाज फाउण्डेशन जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष एवं देश के जाने-माने मोटिवेशन गुरु पी.एम. भारद्वाज ने इंडस्ट्री व इंस्टीट्यूशन इंटरफेस की उपयोगिता बताते हुए कहा कि अगर इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूशन एक दूसरे का सहयोग करें तो दोनों की समस्याएं खत्म हो जाएंगी, साथ ही युवाओं को अच्छे रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज अपनी समस्याएं एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस को शोध के लिए भेजें ताकि युवाओं को उनसे अवगत कराया जा हल निकलवाया जाए। अभी स्टूडेंट्स का इंडस्ट्री ओरियन्टेशन पुअर है जिससे उन्हें अपना रोजगार एवं स्टार्ट अप शुरू करने में भी परेशानी महसूस होती है। इंडस्ट्रीज को भी अपनी समस्याओं को विश्वविद्यालय एवं छात्रों से साझा करनी चाहिए। जिससे देश में आर एण्ड डी और इन्नोवेशन को बढ़ावा मिले। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के लोकायुक्त जस्टिस एस.एस. कोठारी और विशिष्ट अतिथि प्रमुख शासन सचिव (श्रम एवं स्किल्स डवलपमेंट) रजत कुमार मिश्रा थे।

## इन इंस्टीट्यूशन के वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार

इस कॉनक्लेव में कलिंगा यूनिवर्सिटी-रायपुर के वाइस चान्सलर डॉ. जगन्नाथ पटनायक, मणीपाल यूनिवर्सिटी - जयपुर के प्रेसीडेन्ट (वाइस चान्सलर) प्रो. संदीप संचेती, राजस्थान टेक्नीकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. नरेन्द्र प्रकाश कौशिक, मालवीया नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी के प्रोफेसर डॉ. आर. ए. गुप्ता, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेन्ट डॉ. करन कुमार सिंह भाटिया, डॉ. के. एन. मोदी यूनिवर्सिटी के वाइस चान्सलर प्रो. डॉ. देवेन्द्र पाठक, दी इक्फाई यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. पीयोषस चौरसिया, जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. रोशन लाल रैना, आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के ग्रुप चैयरमेन इंजि. अनुराग अग्रवाल, पौद्दिमा इंस्टीट्यूट एण्ड इंजिनियरिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजि. सी. के. खन्ना, भारतीय स्किल डवलपमेन्ट यूनिवर्सिटी के प्रेसीडेन्ट ब्रिगे. डॉ. सुरजीत सिंह पाबला, सबल भारत संस्थान के संस्थापक सुनील गुर्जर और उद्योगों से प्रमुख वक्ताओं के रूप में नेल के एम. डी. ए. के. जैन, नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लि. के जनरल मैनेजर मनोज कुमार वशिष्ठ, बॉश लि. (जयपुर प्लान्ट) के एच आर मैनेजर निरंजन गौर, केईसी इन्टरनेशनल लि. के जयपुर प्लान्ट हैड इलान्गो, मंगलम सीमेन्ट के प्रेसीडेन्ट एम.एस. जैन, अशोक लेलैण्ड लि. के मैन्यूफेक्चरिंग हैड सुनील कुमार तिवारी, श्री विश्वकर्मा (ई.एस.) इंडस्ट्रीज प्रा. लि., अजमेर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आर. एस. चौधरी, श्री सीमेन्ट लि. के एजीएम (पी एण्ड ए) विनय कुमार शर्मा, सिग्माफोर्स मैनेजमेन्ट कन्सलटेन्ट की एच आर जनरलिस्ट गिरा. नुपुर बिन्द्र, थॉमसन इण्डिया प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रकाश चन्द्र सैनी, सिरमौर मोटर्स लि. के ग्लोबल एचआर सर्विस डिलीवरी केशव भट्ट, कैमटेक एसोसिएट प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार गुप्ता ने अपने अपने विचार रखे और इंस्टीट्यूशन्स को इंडस्ट्रीज की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कैरीकुलम में बदलाव करने पर विस्तार से विचार विमर्श किया।

अंत में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए. के. जैन (एम.डी. रील) ने सभी अतिथियों एवं उद्योगियों का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम का संचालन हुलास गोयल व कमल धासवानी ने किया।